# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–13 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में युवक और महिला मंगल दलों को खेल सामग्री वितरित की। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये युवाओं को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना है, ताकि वे सशक्त प्रदेश और देश के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक लाख पांच हजार से अधिक युवक और महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करायी जायेगी। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में राज्य में खेल और युवा कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुयी इन्वेस्ट यूपी शासी निकाय की बैठक में प्रदेश के औद्योगिक निवेश ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में मुख्यमंत्री ने इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके तहत अलग–अलग सेक्टर में विशेषज्ञ सेल गठित किये जायेंगे। साथ ही मुंबई, बैंगलुरू, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन आफिस स्थापित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नया ढांचा इन्वेस्ट यूपी को एकल निवेश सुविधा एजेंसी के रूप में सशक्त बनायेगा। बैठक में बताया गया कि वर्ष दो हजार चौबीस–पचीस में राज्य में करीब चार हजार नई फैक्ट्रियां स्थापित हुयी हैं। बैठक में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी भी मौजूद रहे।

**********

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि रेलवे सुरक्षा बल–आरपीएफ में भर्ती कर्मचारी चयन आयोग द्वारा वार्षिक रूप से की जाएगी। रेलवे सुरक्षा बल के इकतालीसवें स्थापना दिवस के अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि आरपीएफ कर्मियों को जल्द ही वीएचएफ सेट उपलब्ध कराने के साथ ड्रोन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**जितने आप को चाहिए उतने वीएचएफ लीजिए इसमें बहुत आपको बेनिफिट मिलेगा। जो एनसीआरबी के साथ मिलकर आप काम कर रहे हैं कि इसके इंप्लीमेंटेशन के लिए जो डेटाबेस एप्लीकेशन्स हैं। उसके लिए 14 करोड़ रुपये की जरूरत है। वो भी आपके लिए सैंक्शन किया जाता है और सभी ट्रेनिंग सेंटर्स में एडवांस डिजिटल और ड्रोन की ट्रेनिंग। इसके लिए भी 21 करोड़ रूपीज की लागत से सभी जगह लैबोरेट्रीज की स्थापना की जाएगी।**

**********

पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के आज चार वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी–मॉडल संपर्क उपलब्ध कराने के लिए तेरह अक्टूबर दो हजार इक्कीस को इस मास्टर प्लान का शुभारंभ किया था। केन्द्रीय वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पीएम गतिशक्ति को देश के बुनियादी ढांचे से संबंधित योजनाओं का कायाकल्प करने वाला बताया है।

**********

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज कहा कि भारत उत्पादन संचालित अर्थव्यवस्था के मार्ग से ही विकसित राष्ट्र बन सकता है। विकसित भारत बिल्डाथॉन–दो हजार पचीस का उदघाटन करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि इक्कीस–वीं सदी ज्ञान आधारित सदी है और भारत इस ज्ञान आधारित विश्व और अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने जा रहा है। श्री प्रधान ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर इनका निर्माण करेंगे।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज अयोध्या के डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के तीसवें दीक्षांत समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि असली चमक मेडल की नहीं, जीवन की होती है। समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्य मंत्री रजनी तिवारी भी मौजूद रहीं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा पिछले महीने की बाइस तारीख को की थी। इसका लाभ पूरे देश को मिल रहा है। जीएसटी सुधार के सकारात्मक प्रभावों पर एक रिपोर्ट–

***जीएसटी सुधारों में विभिन्न हस्तनिर्मित उत्पादों पर कर की दरें 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं। इस कर कटौती से कारीगरों की प्रतिस्पर्धात्मकता और उनकी आय दोनों में बढ़ोत्तरी हुई है। पारंपरिक चमड़े की चप्पलें, लकड़ी की शिल्प, धातु के बर्तन, मिट्टी के बर्तन और बांस की वस्तुएं भी अब 5 प्रतिशत जीएसटी दर का हिस्सा है। रोहन के साथ, सौम्या शरण, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

कुशीनगर जिले में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने आज रिजर्व पुलिस लाइन में गोरखपुर जोन की ''अन्तर्जनपदीय पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता–2025'' का शुभारंभ किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, संतकबीरनगर, गोण्डा, सिद्धार्थनगर और बलरामपुर की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

**********